प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.......................

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग के विधायकों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पाडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया।
- नये साल के स्वागत के लिए प्रदेशभर में विशेष तैयारियां–पुलिस प्रशासन ने किये व्यापक इंतजाम।
- प्रदेशभर में तेज सर्दी का दौर जारी –मावठ और घने कोहरे की वजह से जनजीवन प्रभावित।

.......................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायकों को अपने क्षेत्र के लोगों से जुडने, संवाद करने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पंहुचाने को कहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को गुड गवर्नेंस देने के लिये संकल्पित है। श्री शर्मा ने कल फीडबैक के तीसरे दिन जयपुर, अजमेर और बीकानेर संभाग के विधायकों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति में संसाधनों की किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित राजस्थान–2047 की लक्ष्य प्राप्ति के लिए बजटीय घोषणाओं को सही समय पर और प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदूषण मुक्त सुगम यातायात के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसों के संचालन की कार्ययोजना को जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने विधायकों से अपने विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और जिला प्रशासन के साथ लगातार बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति का फीडबैक लेने के निर्देश दिए।

.......................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल रात स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट– स्पाडेक्स मिशन का सफल प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के पीएसएलवी–सी 60 रॉकेट को दो अंतरिक्षयानों के साथ प्रक्षेपित किया गया। इससे अंतरिक्ष में डॉकिंग के प्रदर्शन में सहायता मिलेगी। पीएसएलवी–सी 60 रॉकेट ने एसडीएक्स –01 यानी चेज़र और एसडीएक्स–02 यानी टारगेट के नाम के दो उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। यह दोनों उपग्रह अगले दस दिनों में अंतरिक्ष में डॉकिंग का उद्देश्य पूरा करने के लिए आगे बढ़ाए जाएंगे। सफल प्रक्षेपण के बाद इसरो के चेयरमैन एस सोमनाथ ने बताया कि दोनों उपग्रहों के पैनल सफलतापूर्वक तैनात कर दिए गए हैं। अगले कुछ दिनों में यह दोनों उपग्रह 20 किलोमीटर की यात्रा करेंगे और फिर मिलन और डॉकिंग प्रक्रिया शुरू होगी जब दोनों उपग्रह करीब आएंगे और अंतरिक्ष में एक साथ डॉक करेंगे।

.......................

भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर की ओर से कल "राजस्थान मौसम एवं जलवायु सेवाएं" विषय पर एक दिवसीय हितधारक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मौसम विशेषज्ञों और हितधारकों के बीच संवाद को बढ़ावा देना और मौसम तथा आपदा जनित अर्लि वार्निंग सेवाओं को आमजन और किसानों तक और बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर जानमाल के नुकसान को कम करना था। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों के मद्देनजर मौसम विभाग के द्वारा दी गई जानकारी बहुत महत्वपूर्ण साबित होती है।

.......................

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड–सीबीडीटी ने विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा 31 दिसंबर, 2024 से बढ़ाकर 31 जनवरी, 2025 कर दी है। इससे करदाताओं को योजना में निर्दिष्ट देय राशि निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने 2024 के अपने बजट भाषण में विवाद से विश्वास योजना की घोषणा की थी जिसका उद्देश्य करदाताओं को आयकर विभाग के साथ विवादों को सुलझाने में मदद करना है।

.......................

साल 2024 को विदा करने और नए वर्ष के स्वागत के लिए प्रदेशभर में बडी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक पंहुच रहे है। प्रदेश के पर्यटक स्थलों पर सैलानियों की खासी भीड देखी जा रही है। राजधानी जयपुर सहित उदयपुर, जोधपुर, भरतपुर, जैसलमेर, माउंटआबू और रणथम्भौर में बडी संख्या में सैलानी पंहुच रहे है। सैलानियों की रिकॉर्ड आवक को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं भी की है। इधर राजधानी जयपुर में ट्रेफिक पुलिस ने परकोटा में जाम की समस्या को हल करने के लिए आज सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक यातायात की नई व्यवस्था लागू की है। इस दौरान सिटी बसें परकोटे में बंद रहेगी। एडिशनल पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच ने बताया कि ये व्यवस्था सफल रही तो आगे भी इसे लागू किया जायेगा। उन्होंने व्यापारियों से एक सप्ताह तक अपने वाहन परकोटे में खडा ना करने की अपील की है। इस बीच हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज रणथंभौर पहुंच रहे हैं। वे यहां राष्ट्रीय उद्यान का भ्रमण करेंगे। साथ ही वन और वन्य जीवों की सुरक्षा संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेंगे।

.......................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के विकास के रोडमैप को लेकर विषय विशेषज्ञों, और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अजमेर में बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को शिक्षा, रोजगार, पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य पहलुओं पर विकास के प्रस्ताव तैयार करने को कहा। श्री देवनानी ने बताया कि दो दिन तक चली इन चर्चाओं में अजमेर रिंग रोड, नया हैलीपेड, स्किल डवलपमेंट सेंटर, सिरेमिक और गारमेंट हब, खेल मैदान तथा अन्य कई महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं। इन सुझावों पर प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाए जाएंगे।

.......................

प्रदेशभर में तेज सर्दी का दौर जारी है। घने कोहरे की वजह से जनजीवन पर भी असर देखा जा रहा है। राजधानी जयपुर सहित ग्रामीण इलाको में मावठ का दौर एक बार फिर से शुरू हुआ। रात को जिले के कई इलाकों में हल्की मावठ होने से सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ है। साथ ही राज्य के विभिन्न शहरों में भी घना कोहरा छाने से दृश्यता कम होने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। कल देर शाम चली ठण्डी हवा के कारण प्रदेश के कई जिलों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जैसलमेर में तेज सर्दी का दौर जारी है। नहरी क्षेत्रों में इसका असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। अजमेर में शीतलहर के असर से सड़कों, बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। भरतपुर में ठंड और कोहरे के असर में बढोतरी हो रही है। राजसमंद में आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है और विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

.......................

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत जरूरतमंदों को पक्के मकान उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। श्रीगंगानगर के केसरीसिंहपुर में इस योजना में 570 परिवारों को लाभान्वित किया गया है। इनमें से 423 लाभार्थियों ने पक्के मकान निर्माण का काम पूरा कर लिया है। इस पर लाभान्वितों ने केन्द्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

.......................

जोधपुर पुलिस रेंज की स्पेशल साइक्लोनर टीम ने कल 5 क्विंटल से ज्यादा गांजे की खेप बरामद कर दो तस्करों को पकड़ा है। ये गांजा उड़ीसा से पंजाब तथा हरियाणा ले जाया जा रहा था।

.......................